महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक :रु.वि./कु.स.का./मेमो/2021/ दिनांक : 19.05.2021

कार्यालय आदेश

विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 1107/सत्तर–3–2021–08(20)/2020 दिनांक 18 मई 2021 के द्वारा कोरोना (Covid-19) के संक्रमण के दृष्टिगत दिनांक 20.05.2021 से प्रदेश स्थित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान को संचालित किए जाने हेतु निम्नवत निर्णय लिया गया है:–

1. पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी कक्षाये/शिक्षण कार्य संस्थान परिसर में न होकर आन–लाईन संचालित किए जाएगें। विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति नही होगी।
2. छात्र/छात्राओं हेतु उत्तर प्रदेश शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी में प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा ई–कन्टेंट अपलोड किये गये है। अतः छात्र/छात्राओं को इसका सर्वाधिक उपयोग करने एवं लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया जाए।
3. छात्रों/शिक्षकों के संक्रमित होने अथवा निगेटिव रिपोर्ट के उपरान्त चिकित्सकीय कठिनाई के समय आन–लाईन पठन–पाठन जारी रखने अथवा न रखने के सम्बन्ध में निर्णय सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्रधानाचार्य द्वारा अपने स्तर से लिया जायेगा।
4. परिसर में शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में भी सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष /प्रधानाचार्य द्वारा अपने स्तर से निर्णय लिया जायेगा।
5. विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के समूह ख, ग एवं घ के कार्मिकों की 50 प्रतिशत उपस्थिति इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि ऐसे कार्मिक वैकल्पिक (Alternate) रूप से कार्यालय आयें तथा शेष 50 प्रतिशत घर से ही कार्य निष्पादित करें।

उपरोक्त के क्रम में मा0 कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि कृपया उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।

Pandey
कुलसचिव

प्रतिलपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालानार्थ प्रेषितः–

1. प्रचार्य/प्रचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक वि0वि0 परिसर।
3. चीफ प्राक्टर विश्वविद्यालय परिसर।
4. क्रीड़ा सचिव विश्वविद्यालय परिसर।
5. समस्त हास्टल वार्डन विश्वविद्यालय परिसर।
6. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियन्त्रक/सहा0कुलसचिव प्रशा0/परीक्षा।
7. मीडिया प्रभारी।
8. समस्त प्रशासनिक अधिकारी/अनुभाग प्रभारी।
9. प्रभारी विश्वविद्यालय, वेबसाईट को इस आषय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी में अपलोड करने हेतु।
10. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

Pandey
कुलसचिव